ग.

विधानसभा / महत्वपूर्ण

# संचालनालय खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण

ब्लॉक–2, तृतीय तल, इंद्रावती भवन, नवा रायपुर, अटल नगर (छ.ग.)
(Telephone-0771-2511974, mail id- dirfood.cg@gov.in, website- https://fcs.cg.gov.in/)

क्रमांक 60 /संचा.–वि.स./2025 नवा रायपुर, दिनांक 01/07/2025

प्रति,

1. **प्रबंध संचालक,**
छ.ग. राज्य सहकारी विपणन संघ मर्या.
अटल नगर, नवा रायपुर

2. **कलेक्टर,**
जिला–जांजगीर
छत्तीसगढ़

**विषय :–विधानसभा प्रश्न क्रमांक 911 तारांकित द्वारा श्री बालेश्वर साहू, सदस्य विधानसभा की जानकारी उपलब्ध कराने बाबत्।**

––––00––––

कृपया विषयांतर्गत विभाग से प्राप्त विधानसभा प्रश्न क्रमांक 911 **तारांकित** की प्रति संलग्न है।

**उपरोक्त विधानसभा प्रश्न** का उत्तर **'यूनिकोड फॉन्ट'** में (परिशिष्टों की जानकारी भी 'यूनिकोट फॉन्ट' में) **दिनांक 03.07.2025** ई–मेल (dirfood.cg@gov.in) के माध्यम से हार्ड कॉपी एवं साफ्ट कॉपी सहित अनिवार्य रूप से भिजवाने का कष्ट करें।

**(विधानसभा प्रश्न विभागीय वेबसाईट से भी डाउनलोड कर सकते है)।**

**संलग्न–उपरोक्तानुसार**

**अपर संचालक**
खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उप.संर

पृ.क्रमांक 61 /संचा.–वि.स./2025 नवा रायपुर, दिनांक 01/07/2025

**प्रतिलिपि :–**

खाद्य अधिकारी जिला–जांजगीर–चांपा छत्तीसगढ़ की ओर प्रेषित कर, आदेशानुसार निर्देशित किया जाता है कि उक्त प्रश्न की जानकारी तैयार कर शीघ्र उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

**अपर संचालक**
खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उप. संर

# छत्तीसगढ़ विधान सभा सचिवालय
## प्रश्न

उत्तर भेजने का अन्तिम दिनांक : **11/07/2025**

वर्ग : 5 सदन में उत्तर देने का दिनांक : **18/07/2025** विभाग का नाम : **खाद्य, नागरिक आपूर्ति तथा उपभोक्ता संरक्षण**

विषय : **जिला जांजगीर-चांपा के उपार्जन एवं संग्रहण केन्द्रों में धान के भौतिक सत्यापन में मानक से अधिक अंतर पर कार्यवाही**

( **तारांकित** प्रश्न क्रमांक : **911** ) **श्रीबालेश्वर साहू**

क्या **खाद्य मंत्री** महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि -

(क) जिला जांजगीर-चांपा में विपणन वर्ष 2021-22 से 2024-25 में केंद्रीयकृत उपार्जन योजना के अंतर्गत कितनी मात्रा में धान की खरीदी की गई थी ? कृपया वर्षवार जानकारी दें? (ख) प्रश्नांक "क" के अनुसार खरीदी गई धान में से मिलरों द्वारा उपार्जन एवं संग्रहण केंद्रों से कितनी मात्रा में धान उठाई गई थी और कितने शेष बचे थे ? कृपया वर्षवार जानकारी दें? (ग) प्रश्नांक "क" एवं "ख" के अनुसार शेष बचे धान का भौतिक सत्यापन कब -कब किया गया है और किन -किन केंद्रों में मानक से ज्यादा अंतर पाया गया और इसके आधार पर क्या कार्यवाही की गयी है? कृपया वर्षवार जानकारी दें ?

**Sent From :** vidhan | **Sent Date :** 01/07/2025 11:26:02 |

**Remark :**

मार्कफेड
कले जांजगीर